बावलिया बाबा मंदिर में सम्पन्न भजन संध्या

माई झु.न्यूज। मुकुन्दगढ के परमहंस पंडित गणेशनारायण बावलिया बाबा मंदिर में आयोजित भजन संध्या में अलवर से आये कलाकारों द्वारा भजनों की सुंदर एक से बढकर एक शानदार प्रस्तुतियां दी गयी। इस अवसर पर पुजारी प्रभुशरणदास, महंत बजरंगदास, एडवोकेट प्रशांत शर्मा, बाबुलाल चौधरी, आत्माराम बेरीवाला, दिनेश बेरीवाला सहित अन्य भक्त श्रृद्धालु जन बडी संख्या में उपस्थित थे।

राखी का त्यौंहार हर्षोल्लास से मनाया

झुंझुनूं, 5 अगस्त (निसं): भाई बहनों के पवित्र रिश्ते की डोर का प्रतीक रक्षा बंधन आज हर्षोल्लास से मनाया गया। बुधवार को बहनों ने अपने भाईयों के रक्षा सूत्र बांधकर अपने रिश्ते को मजबूत बनया। वहीं भाईयों ने भी बहनों से राखी बंधवाकर उन्हें अनेकों उपहार दिये। पुरे बाजार की दुकाने राखियों से भरी हुई थी।

इस बार मार्केट में राखियों की कीमत बहुत ज्यादा थी। जिसके कारण सभी को अपने बजट के अनुसार राखियां खरीदनी पड़ी। दुकान पर राखी खरीदती मोनिका व प्रेणिका ने बताया कि हम अपने भाई के लिए सुन्दर से सुन्दर राखियां ढूंढ रहे हैं फिर चाहे वो कितनी भी मंहगी क्यों ना हो। इस अवसर पर मार्केट एवं मिठाई की दुकानों पर युवतियों एवं महिलाओं की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। बसों एवं ट्रेनों में भी महिलाओं की भीड़ देखी गई। इस दौरान महिलाओं एवं युवतियों में काफी उत्साह देखा गया। जिला जेल में भी बहनों ने अपने बंद कैदी भाईयों को राखी बांधा।

पर्यूषण पर्व के समापन पर कल्पसूत्र का वाचन

माई झुं.न्यूज। जैन धर्म के अति महत्त्व का पर्व पर्यूषण पर्व जिसमें की व्यक्ति मन कर्म वचन से सभी से क्षमापना करता है का समापन जैन श्वेताम्बर मंदिर में सोमवार को किया गया। जिसमें कल्पसूत्र का वाचन किया गया। स्वामी महावीर भगवान के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला, श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया तथा प्रात: भगवान महावीर की मंगलोचार के साथ पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर कैलाश जैन व सरीता जैन का स्वागत भी किया गया।

आठ रोज तक चले पर्यूषण महोत्सव के अन्तर्गत प्रतिदिन पूजा पाठ तथा भजन कीर्तन के कार्यक्रमों का लाभ श्रद्धालु भक्तों ने उठाया। इस अवसर पर श्री जैन श्वेताम्बर खरतगच्छ संघ के अध्यक्ष वीर बहादुर जैन, सचिव सुशील जैन, नरपतलाल जैन, कंसानचन्द जैन, सुभाष जैन, दानमल जैन सहित अन्यजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

एस् एस् मोदी परिसर में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

फोटो : रामनिवास सोनी

माई झुं. 15 अगस्त। एस् एस् मोदी परिसर में स्वतत्रंता दिवस ड़ा एल के शर्मा के मुख्य आतिथ्य में धूमधाम से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि निदेशक अनिता बसंल थी। ध्वजारोहण डा एल के शर्मा ने किया। विद्या विहार एवं केम्ब्रिज स्कूल के छात्रों द्वारा शानदार मार्च पास्ट किया गया। विद्या विहार के किन्डर गार्टन सेक्शन के बच्चों ने शानदार नृत्यों से उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा सामूहिक गीत एवं नृत्य, केम्ब्रिज स्कूल के बच्चों के नृत्य एवं विद्या विहार के बच्चों का चक दे गाने पर शानदार प्रस्तुति दी। बी एड कॉलेज की छात्राओं ने मारवाडी गाना और रंग दे लोकगीत पर मनोरम प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि द्वारा सभी बच्चों के उतम प्रदर्शन के लिये २१०० रु का पुरस्कार दिया गया। ट्रस्ट निदेशक अनिता बसंल ने ट्रस्ट की विभिन्न उपलब्धियों के बारे में बताया। अंत में विद्या विहार प्राचार्या रश्मि शेखावत, केम्ब्रिज स्कूल प्राचार्या स्नेहलता शेखावत, पब्लिक स्कूल प्राचार्या रीना कपूर, बी एड़ कॉलेज प्रभारी श्रीकांत सारस्वत द्वारा सभी को धन्यवाद दिया गया।

नवलगढ नागरिक संघ मुम्बई द्वारा छात्रवृति वितरण

माई झु. 4 अगस्त। नवलगढ नागरिक संघ पिछले 13-14 वर्षों से शिक्षण संस्थाओं में पढने वाले छात्र छात्राओं को फीस, कॉपी, किताब, ड्रेस, थैला वगैरह सहायतार्थ उपलब्ध करती आ रही है।

मंगलवार को एक समारोह में गोयनका गेस्ट हाउस में आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता श्री श्री गोपाल झुंझुनूंवाला द्वारा की गयी एवं मुख्य अतिथि आर सी शर्मा, पौद्दार शिक्षण संस्था के चैयरमेन थे एवं सुश्री मुनीशबाला सक्सेना द्वारा की गयी। शुरू में स्व. बेनीप्रसाद गोयनका जो इस संस्था के अध्यक्ष के अध्यक्ष थे उनके लिए एक मिनट का मौन रखकर उनके प्रति श्रृद्धांजली दी गयी। इसके पश्चात कुल रूपए 79625 रू की फीस छात्र छात्राओं 97 एवं 6 शिक्षण संस्थाओं को दी गयी। 25000 रू की पोठ्य पुस्तके दी गयी एवं पचास हजार रू. के स्कूल बैग जिनमें प्रत्येक में नौ कॉपीज, एक ड्राईंग बॉक्स, बाल पैन सहित विद्यार्थी को दिया गया।

आर सी शर्मा ने कहा कि नवलगढ नागरिक संघ के नाम से कोई भी विद्यार्थी पोद्दार कॉलेज की लाईब्रेरी एवं कॉलेज से जो सहायता उपलब्ध हो, मांगने पर निशुल्क दी जायेगी। सुश्री मुनीश बाला ने अपने भाषण में विद्यार्थी से कहा कि आज आप जो मदद से संस्थाओं द्वारा ले रहे हैं कल आप भी उन्नति करके समाज को कुछ दे सको, ऐसा बनना।अंत में श्री गोपाल झुंझूनंवाला द्वारा सभी पधारे आगन्तुकों, मुख्य अतिथियों के धन्यवाद के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस संस्था के अध्यक्ष सुगन कुमार गोयनका जिन्होंने अपने स्वयं के ट्रस्ट शिवदेवी देबीप्रसाद गोयनका फाउण्डेशन द्वारा नेत्र शिविर एवं अन्य कई शिविरों का आयोजन करके हजारों व्यक्तियों को आंखों की रोशनी एवं स्वास्थ्य लाभ दिया। ऐसे सज्जन व्यक्ति के अध्यक्ष होने पर इस संस्था द्वारा और भी कई अच्छे कार्य कार्य सम्पन्न होंगे ऐसी उम्मीद हम जताते हैं।

गोद भराई की रश्म में स्तनपान का संकल्प

माई झुंझुनूं , 4 अगस्त । विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत शहर के फौज का मौहल्ला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में मंगलवार को महिला एवं बाल विकास विभाग, केयर एवं शिक्षित रोजगार केन्द्र प्रबन्धक समिति के तत्वावधान में स्तनपान संकल्प समारोह मनाया गया। कार्यक्रम अध्यक्षता करते हुए आईसीडीएस विभाग की महिला पर्यवेक्षक सावित्री कृष्णियां ने कहा कि मां का दूध शिशु के लिए सर्वोत्तम आहार है। समारोह में गर्भवती महिला निर्मला, सुनिता व संतोष का तिलकार्जन कर उनकी गोद में गुड़, पतासा व नारियल रखकर तथा हाथ की कलाई पर रक्षा सुत्र बांधकर गोद भराई की रश्म की गई। आगनबाडी केन्द्र पर मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के दिन गर्भवती महिला के सात माह पूर्ण होने पर गोद भराई की रश्म अदा की जाती है। इस मौके पर उक्त गर्भवती महिलाओं ने प्रसव के बाद शिशु को छह माह तक केवल स्तनपान करवाने का संकल्प लिया। समारोह में उपस्थित महिलाओं ने ' दादाजी आवै तो दैया दूर-दूर रखना, नजर ना लग जाएं...., व दादाजी री गोद बिराज म्हारा लाला... आदि मंगल गीत गाएं। आशा सहयोगिनी सरोज सैनी ने शिशु व गर्भवती महिला के स्वास्थ्य की देखभाल संबंधी जानकारी दी। कार्यकर्ता मीना सैनी ने बताया कि केन्द्र पर कुल 11 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रश्म पूरी की जा चुकी है।

मुकुन्दगढ में आर्ट आफ लिविंग शिविर सम्पन्न

माई झु.न्यूज। श्री श्री रविशंकरजी की प्रेरणा से मुकुन्दगढ में लगा आर्ट आफ लिविंग शिविर का सफलतापूर्वक समापन किया गया जिसमें साधकों ने शिविर का भरपूर लाभ उठाया। शाह मंडी कमेटी गेस्ट हाउस में लगे शिविर में महेश शर्मा, गजानन्द अजाड़ीवाला, भास्कर सिंगडोदिया, सुशील जगनाणी, रतनसिंह सोलंकी, विनोद गोयल, बालकिशन बेरीवाला आदि का सराहनीय योगदान रहा।

पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान ट्रस्ट की मासिक बैठक सम्पन्न

माई झुंझुनूं,2 अगस्त। पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट की गायत्री शक्ति पीठ में आयोजित मासीक बैठक में बोलते हुए नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दयाशंकर बावलिया ने कहा कि अंग्रेजों के शासन से हमने 62 वर्ष पुर्व आजादी तो प्राप्त करली परन्तु रोगों से आजादी पाना अभी बाकी हैं। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामपाल सिहाग ने की। इस दौरान प्रत्येक ग्राम पंचायत में दो-दो सदस्य एवं आठों ब्लॉक क्षेत्रों से दो दो पदाधिकारियों का चयन करने का निर्णय लिया। ब्लॉक प्रभारी पवन कुमार सैनी ने जिले से हरिद्वार जाने वाले योग साधकों के लिए विशेष बसों की व्यवस्था के लिए डिपों के मुख्य प्रबंधक पीके व्यास एवं प्रबंधक प्रदीप शेखावत का आभार जताया। महासचिव यशवंत सिंह ने योग शिक्षा पर प्रकाश डाला। ब्लॉक प्रभारी ने बताया कि नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दयाशंकर बावलिया ने मासीक बैठक के दौरान पतंजलि योग समिति एव भारत स्वाभिमान ट्रस्ट की सदस्यता ग्रहण की।

जेबी शाह मे छात्राओं ने दिखाए हूनर

माई झुंझुनूं,4 अगस्त। जेबी शाह कन्या महाविद्यालय में बीते दिवस आयोजित अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपने हूनर का प्रदर्शन कर सभी को चकित कर दिया। रंगोली प्रतियोगिता में रामादेवी महाविद्यालय की ऋचा प्रथम तथा इसी महाविद्यालय की श्वेता द्वितीय रही।

राजकीय महाविद्यालय झुंझुनूं की सुमन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सलादसज्जा प्रतिस्पर्धा में मेजबान महाविद्यालय की प्रियंका सोनी प्रथम ज्योति गोयनका द्वितीय, सेकसरिया कॉलेज चिड़ावा की नविता शर्मा तृतीय स्थाना पर रही। मेहंदी प्रतियोगिता में सुनिता कुमारी प्रथम, रामादेवी महाविद्यालय की ममता द्वितीय तथा प्रियंका तृतीय स्थान पर रही। लक्ष्मी वर्मा, सुनिता महरिया, शीला शर्मा रीना व बेबी सैनी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। मुख्य अतिथि डॉ. एल के शर्मा ने छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किये। इससे पूर्व प्राचार्य डॉ. मधुलिका सक्सेना ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विजेता छात्राओं को बधाई दी। प्रतियोगिता में निर्णायकों की भूमिका उषा केडिया, मीनू अग्रवाल तथा शशि वशिष्ठ ने निभाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शिखा अग्रवाल ने किया वहीं संयोजिका डॉ. नीरू खींचा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

एस एस मोदी में वृक्षारोपण

माई झुं. 30 जुलाई। इको क्लब-ग्रीन कोर व एस एस मोदी एज्यूकेशन ट्रस्ट के सानिध्य में विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने उत्साह पूर्वक वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर विद्यालय की निदेशिका श्रीमती अनिता बंसल, प्राचार्या श्रीमती रश्मि शेखावत तथा विद्यालय के अध्यापकों ने भी वृक्षारोपण किया तथा उन वृक्षों की सार सम्भाल की जिम्मेदारी भी ली।

श्रावण के अन्तिम सोमवार को हर हर महादेव को रिझाया भक्तों ने

माई झुंझुनूं, 3 अगस्त (निसं): श्रावण माह के अन्तिम सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित शिव मंदिरों में हर-हर महादेव के दरबार में भक्तों ने शिव दरबार की पूजा अर्चना कर किसी ने दूध का अभिषेक किया तो किसी ने जल चढाकर मनोकामना की प्रात: से ही शहर के मुख्य लावरेश्वर महादेव, सालगेश्वर महादेव, बावलेश्वर महादेव, मुकन्देश्वर महादेव, मातेश्वर महादेव सहित सभी शिव मंदिरों में भक्तों ने कावड़ चढाकर शंकर को रिझाया महिलाओं ने भी बील पत्र व पुष्प चढाकर पूजा अर्चना आरती की। कहीं प्रसाद किया गया तो कहीं शिव का रूद्राभिषेक किया गया। कहीं भजनों की गंगा बही तो कहीं मंत्रोच्चारण के साथ पाठ किया गया।

श्रावण के अंत में शिव और सर्प की उत्साह से पूजा की

माई झुंझुनूं, 6 अगस्त। श्रावण माह के अंतिम क्षणों में यहां पुलिस लाइन के निकट स्थित जीएडी राजकीय आवास कॉलोनी में शिवभक्तों के द्वारा शिव व सर्पो की उत्साह के साथ पूजा अर्चना की गई। जानकारी के अनुसार केड गांव का सपेरा जगदीश प्रसाद इस कॉलोनी के शिव मंदिर में नाग नागिन का जोड़ा लेकर आया था। श्रावण माह में शिव और सर्प की पूजा का विशेष महत्व होता है, श्रावण माह में की गई पूजा तीव्र फलदायी होने के कारण कॉलोनी वासियों ने विशेष रूप से शिव और सर्प की पूजा की। कॉलोनी के वाशिंदों में दशरथ सैनी, बृजलाल व विवेक की अगुवाई में विधि विधान से शिव व नाग नागिन की पूजा की, दूध से अभिषेक किया, भजन गाये तथा चढावा चढाया। न्यू हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी की महिलाओं ने भी मंदिर में पूजा अर्चना की। शिव भक्त दशरथ सैनी व विवेक ने इन सर्पो को अपने गले में भी माला की तरह डाला।

सामाजिक सरोकार में समाजिक संस्थायें कारगर - लाम्बा

माई झुंझुनूं, 2 अगस्त (निसं): जिला पुलिस अधीक्षक अजयपाल लाम्बा ने कहा कि सामाजिक सरोकार में सामाजिक संस्थाऐं कारगर होती हैं। नि:शुल्क शिविर एवं समाज में सौहार्द एवं प्रेम को बढाने वाले सामाजिक कार्य करने के लिए स्वयं सेवी संस्थायें धन्यवाद के पात्र हैं। शिविर के माध्यम से मरीजों की सेवा एवं लोगो में बिमारियों से बचाव की जागरूकता आती है। वे आज स्थानीय सुमन अस्पताल में महावीर इण्टरनेशनल के तत्वाधान में वीर डॉ. रामकृष्ण सुमन के सौजन्य से एक दिवसीय नि:शुल्क मधुमेह निदान जांच शिविर में मुख्य अतिथि पद से बोल रहे थे। गरीब पीड़ित, दीनहीन की सेवा बहुत पूण्य का कार्य है। शिविर के आयोजन के लिए संस्था बधाई के पात्र हैं। अध्यक्षता पीरामल शिक्षण संस्थान के निदेशक रवि कुमार ओझा एवं विशिष्ट अतिथि आदर्श सेवा प्रतिष्ठान चिड़ावा के गरूड़ ध्वजचार्य महाराज थे। शिविर में वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. रामकृष्ण सुमन डायबिटीज रोग होने के मुख्य कारण एवं इसके निदान के लिए आवश्यक जानकारियां दी। इससे पूर्व मुख्य अतिथि अजयपाल लांबा ने द्वीप प्रज्वलित कर शिविर का विधिवत उदघाटन किया। क्लब अध्यक्ष पी.एल. शर्मा ने बताया कि शिविर में 209 मरीजों की नि:शुल्क जांच कर दवाई वितरित की गई। इस अवसर पर पार्षद कालुराम खींची, शिवप्रसाद महर्षि, रोशन अली चौपदान, संजय शर्मा, जाहीद अली खोखर, हरिशरण आलड़िया, डी.वी. शास्त्री, सहदेव तेतरवाल, नौरंग सिंह, अणगासरिया, श्यामसुन्दर पोदार, सत्यपाल आला, राजेश नर्सिंग स्टाफ क्लब सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

गणेश जी का जागरण एवं प्रसाद करवाया धर्मचन्द जांगिड़ ने

माई झु. 23 अगस्त। गणेश मंदिर के पास मोतीसिंह की ढाणी स्थित निज निवास पर धर्मचन्द जांगिड़ ने श्री गणेश चतुर्थी पर श्री गणेशजी महाराज की असीम कृपा से प्रसाद का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में शहर के गणमान्यजन ने भाग लिया। इससे पूर्व शनिवार सांयकाल गणेश जी महाराज का जागरण व भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया।

मलसीसर में एक्सरे एवं ईसीजी मशीनों का लोकार्पण

माई झु.न्यूज। सात लाख रू. की लागत से एक्सरे व ईसीजी मशीनों को लोकार्पण राजकीय यूरामल मोदी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पूर्व विधायक रामनारायण चौधरी एंव वर्तमान विधायक रीटा चौधरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर भामाशाह राधाकिशन जगनानी, सीएमएचओ डा. जी एल मोर्य, पूर्व पालिकाध्यक्ष सज्जन मिश्रा, सीताराम बंसल, बीएस सोमरा एवं जितेन्द्र सिंह सहित अन्यजन बतौर अतिथि उपस्थित थे।

एस् एस् मोदी द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम

माई झुं. न्यूज। जिला प्रशासन एवं नगरपालिका द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस की पूर्व बेला पर रैली का आयोजन किया गया। रैली में एस् एस् मोदी टस्ट द्वारा आई टी इन एज्यूकेशन विषय पर भव्य झांकी का आयोजन किया गया। रैली में एस् एस् मोदी विद्या विहार एव एस् एस् मोदी टी टी कॉलेज के छात्रछात्रायें शामिल थे।

रैली का समापन टस्ट द्वारा संचालित नेहरु पार्क में हुआ। रैली समापन समारोह में एस् एस् मोदी टी टी कॉलेज द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर आलोक गुप्ता एवं SDM नरेन्द्र कोठारी एवं ट्रस्ट निदेशक अनिता बसंल, बी एड कॉलेज प्रभारी श्रीकांत सारस्वत ने पौधे लगाकर किया। कार्यक्रम में पुलिस उपअधीक्षक ललित माहेश्वरी, नगर परिषद् आयुक्त राजेन्द्र जोड़ी, मान महेन्द्र सिंह भाटी एव बी एड कॉलेज स्टाफ एवं स्टूडेन्टस ने भी वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता प्रभुदयाल द्वारा किया गया। टस्ट द्वारा पार्क में १०० पौधे लगाये गये।

कार्यक्रम में कैलाश बालान, प्रवीण जाखड, प्रभुदयाल कुमावत, सुखील वर्मा, करण सिंह, नवल शर्मा, मनीष माथुर, विनोद सोंलकी, फिरोज खान, प्रशान्त खेडकर, अभिजीत, नवल कुमावत एव बी एड कॉलेज, विद्या विहार के छात्र छात्रायें शामिल थी।

श्री चावो दादी ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी

माई झुं.न्यूज। श्री चावो दादी ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी समिति के चुनाव 25 अगस्त को मंदिर प्रांगण में समिति अध्यक्ष काशीनाथ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए। नई कार्यकारिणी में पुन: अध्यक्ष पद पर काशीनाथ खेतान को चुना गया तथा उपाध्यक्ष हरिशंकर खेतान, कमल कुमार खेतान, कार्यकारी अध्यक्ष हरगोविन्द खेतान, मंत्री सतीशचन्द्र खेतान, उपमंत्री श्यामसुन्दर खेतान व उमेश कुमार खेतान, कोषाध्यक्ष राजकुमार खेतान को चुना गया। सदस्यगण में श्रीगोपाल खेतान, कृष्ण मुरारी खेतान, श्रीमती सरोज खेतान, प्रमोद कुमार खेतान, श्रीमती राधादेवी खेतान, श्रीमती सुनिता खेतान, श्रीमती विमलादेवी खेतान एवं दिनेशकुमार को लिया गया। इस अवसर पर चावो दादी ट्रस्ट के चार रिक्त पदों हेतु भी ट्रस्टियों के चुनाव सम्पन्न हुए जिनमें चुनाव अधिकारी दिनेश चन्द्र अग्रवाल द्वारा सर्वाधिक मतों के आधार पर तुलसीराम खेतान, लक्ष्मीनारायण खेतान, श्रीश्रीगोपाल खेतान एवं नरसिंहप्रसाद खेतान को ट्रस्टी घोषित किया गया।

एस् एस् मोदी केम्ब्रिज इंटरनेशनल स्कूल के छात्र ने पाया द्वितीय स्थान

माई झुं.न्यूज। विश्व भर में यात्रा सेवा प्रदान करने वाले यू ए ई एक्सचेंज के द्वारा २६ जुलाई ०९ को ब्रिटिश इंस्टीट्यूट झुन्झुनू में एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें झुन्झुनू के विद्यालय एवं कॉलेजों के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। विद्यार्थियों के मोबाइल फोन (वरदान या अभिशाप), ग्लोबलाइजेशन, ग्लोबल वार्मिंग , आर्थिक मंदी आदि अनेक विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। निर्णायकों ने निर्णय के अनुसार जहाँ ग्यारवीं कक्षा के छात्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं एस् एस् मोदी केम्ब्रिज इंटरनेश्नल स्कूल झुन्झुनू के चैंक प्वाइन्ट प्रथम वर्ष के छात्र बुद्धदेव शेखावत ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। संस्था निदेशक अनिता अंसल, विद्या विहार प्राचार्या रश्मि शेखावत, पब्लिक स्कूल प्राचार्या रीना कपूर, बी एड कॉलेज प्रभारी श्रीकांत सारस्वत ने प्राचार्या स्नेहलता शेखावत एवं स्टाफ सदस्यों को इस उपलब्धि के लिये बधाई दी।

सालगेश्वर महादेव मंदिर में भजन संध्या का आयोजन

फोटो : रामनिवास सोनी

माई झुंझुनूं, 4 अगस्त (निसं): पीपली चौक स्थित सालगेश्वर महादेव सवर्णकार मंदिर में सोमवार रात्रि को श्रावण माह के उपलक्ष्य में भजन संध्या का आयोजन किया गया। मनीष ने शिव भोले तेरे चरणों में जबसे शीष झुकाया है तथा तेरे दरबार में भैया खुशी मिलती है से शमा बांधा मण्डावा से आये गायक रमजान रिजवी ने क्लासिकल संगीत के साथ श्याम आये नां एक राधा एक मीरा भजनों से संगीतमय माहौल बना दिया। सज्जन दाधीच ने खेल तुम्हारे अ डमरू वाले तथा देवों में देव हजारों है, से कार्यक्रम को परवान चढाया। महेन्द्र सोनी ने 'कोई जाकर तो देखे बाबा धाम को, देवों में तुम हो देव निराले जैसे कई भजनों से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। बाल कलाकार लोकेश भट्ट व मुरारी भट्ट ने 'मेरा दिल तो दीवाना हो गया डमरू वाले तेरा' 'सालासर वाले मेरा एक काम कर दे' तथा झुला पीपल में डलवाई दिज्यो जैसे भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी। संयोजक रामनिवास सोनी ने 'सुबहा सुबहा ले शिव का नाम से छाप छोड़ी। दिनेश हिसारिया ने देदो मां धूल ही चरणन की, आदि भजन सुनाएं। प्रारम्भ में कार्यक्रम आयोजक दयाराम कड़ेल सुभाष कड़ेल, चन्द्रप्रकाश कड़ेल ने कलाकारों का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में संगीत पर संगत करने वाले आरगन पर विक्रम राजगढ एक्टो पैड पर हंसराज भिवानी ढोलक पर के. राज भारती डुंगरगढ ने संगत की इस अवसर पर मंदिर के बाबा दीनानाथ, बंधे के बालाजी पुजारी विश्वनाथ शर्मा स्वर्णकार नवयुवक सेवा समिति अध्यक्ष विश्वनाथ नारनोली सचिव परसराम सोनी, विश्वनाथ केड वाले, महाबीर इन्टरनेशनल अध्यक्ष पी.एल. शर्मा, नरेश गाडिया, संजय जगनानी, राजकुमार गौड़, सुरेन्द्र राणासरिया, नवल जांगिड़, मनोज व्यास, अनिल गुप्ता, सचिन अग्रवाल सहित शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

सूर्य ग्रहण को देख रोमांचित हो उठे राजस्थानवासी

माई झुं.न्यूज। पृथ्वी और सूर्य के बीच चंद्रमा के आ जाने के कारण खग्रास सूर्य ग्रहण की आकाशीय घटना घटित होते ही लोग रोमांचित हो उठे। स्थान के बीकानेर, कोटा, उदयपुर, गंगानगर और हनुमानगढ़ वासियों ने सूर्य ग्रहण का नजारा देखा। गुलाबी नगरी जयपुर में ६.३२ बजे डेढ़ मिनट के लिए सूर्य ग्रहण ने अपनी झलक दिखाई। देश के पश्चिमी इलाकों में वर्षा और बादलों के कारण लोग सूर्य ग्रहण नहीं देख सके। रेगिस्तानी राज्य राजस्थान के अधिकांश हिस्सों के लोग उस समय निराश हो गए जब राज्य के ज्यादातर भागों में बदली छाए रहने के कारण लोग इस अद्भुत नजारे से वंचित रह गये।